दिनांक: 22.08.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण आज प्रदेश के दौरे पर हैं। वे उदयपुर में रीजनल रूरल बैंक की समीक्षा बैठक में भाग ले रही हैं। इस मौके पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्री जीतनराम मांझी भी मौजूद हैं।

000

राष्ट्र, कल अपना पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाएगा। पिछले साल इसी दिन चंद्रयान–3 मिशन के विक्रम लैंडर की चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग हुई थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली के भारत मंडपम में इस अवसर पर आयोजित मुख्य समारोह का उद्घाटन करेंगी। इस वर्ष के उत्सव का विषय है – चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना : भारत की अंतरिक्ष गाथा। यह विषय समाज और प्रौद्योगिकी पर अंतरिक्ष अन्वेषण के गहन प्रभाव पर जोर देता है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के उपलक्ष में पिछले एक महीने में देशभर में एक हजार से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इन कार्यक्रमों में भारतीय अंतरिक्ष हेकाथॉन और इसरो रोबोटिक्स चेलेंज का भी आयोजन किया गया।

इसी कड़ी में आज जयपुर के जवाहर कला केंद्र में सूचना और प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से "राष्ट्रीय अन्तरिक्ष दिवस" के उपलक्ष में चित्र प्रदर्शनी लगाई गई है। ये प्रदर्शनी तीन दिन तक चलेगी।

000

भाद्रपद महीने के कृष्ण पक्ष की तृतीया पर आज प्रदेश के विभिन्न अंचलों में कजली तीज का पर्व मनाया जा रहा है। पति की दीर्घायु और परिवार में सुख शांति की कामना के साथ सुहागिनें व्रत रख रही हैं। महिलाएं शाम को तलाई पूजन और चंद्रमां के दर्शन के बाद सत्तू का सेवन कर व्रत खोलेंगी। कजली तीज को सातूड़ी तीज के नाम से भी जाना जाता है। आज ही भाद्रपद चतुर्थी का पर्व भी मनाया जा रहा है।

जैसलमेर में महिलाएं और बालिकाए सज धजकर सोनार दुर्ग स्थित आराध्य देव लक्ष्मीनाथ जी के मंदिर में पूजा अर्चना के लिए पहुंच रही हैं।

पाली के विभिन्न मंदिरों में कजली तीज और चौथ पर भगवान को झूले में झुलाया जा रहा है। इस अवसर पर मंदिरों में भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया है।

सवाईमाधोपुर में भाद्रपद चतुर्थी के अवसर पर आज चौथ का बरवाड़ा स्थित चौथ माता के मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। इस अवसर पर मंदिर में छप्पन भोग की झांकी सजाई गई है। वहीं मंदिर में चौथ माता तथा बटुक भैरवनाथ की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार किया गया है।

000

राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत डीग जिले में आगामी 26 तारीख से अभियान चलाकर पांच लाख पशुओं को टैग लगाकर उनका टीकाकरण किया जाएगा। पशुपालन विभाग की उपनिदेशक डॉ. भावना यादव ने बताया कि टीकाकरण अभियान 25 अक्टूबर तक चलेगा। इसमें पशुओं में खुरपका और मुंहपका रोग को जड़ से खत्म करने के लिए टीकाकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से पशुओं का ऑनलाइन डाटाबेस तैयार करने के लिए इस योजना की शुरूआत की गई है, जिससे पशुओं की नस्लों की पहचान कर उनका स्वास्थ्य कार्ड बनाया जा सके।

000

राज्य में पिछले 24 घंटों में पश्चिमी राजस्थान में कहीं–कहीं पर तथा पूर्वी राजस्थान में कई स्थानों पर बादल गरजने के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई। राजसमन्द, बारां, कोटा और अजमेर जिलों में कहीं–कहीं भारी वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार सर्वाधिक 9 सेंटीमीटर बरसात अजमेर के नसीराबाद में दर्ज की गई। राजसमंद के खमनौर में 8 सेंटीमीटर, नाथद्वारा, बारां और कोटा के दीगोद में 7–7, अजमेर तहसील, बारां के अंता, भीलवाडा के शक्करगढ, करौली के करनपुर, डूंगरपुर के देवल और उदयपुर के गोगुंदा में 6–6 सेंटीमीटर बारिश रिकॉर्ड हुई।

मौसम विभाग के अनुसार आज नागौर और अजमेर जिलों में कुछ स्थानों पर रुक–रुक कर बारिश का दौर जारी रहने और एक–दो स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना है। जयपुर, अलवर, सीकर, भीलवाडा और टोंक जिलों में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 25 तारीख को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 113वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिये लोग अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नम्बर–1800 11 7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम पर भी विचार साझा किए जा सकते हैं। विचार और सुझाव कल तक भेजे जा सकेंगे।

000